मौलाना मजहरुल हक की जयंती मनी

समस्तीपुर, वि.: शहर के मथुरापुर स्थित मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में देश के महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना मजहरुल हक की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर एक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की चेयरमैन सविता ने की। सचिव मो. अबू तमीम ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं कहा की वर्तमान समय में कुछ लोग देश के सौहार्द को बिगाड़ कर अपनी रोटी सेकना चाहते हैं। उन्होंने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि वे मौलाना मजहरुल हक के जीवन से प्रेरणा लेकर देश में अमन एवं भाईचारा बनाए रखने के लिए सतत प्रयत्नशील रहें। मौके पर निदेशक मो. अबू सईद, प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, समाजसेवी अरुण कुमार, अमित कुमार, अली हसन अंसारी, अशोक कुमार अकेला, अर्चना कुमारी, डॉ. आभा, प्रतिभा रॉय, किश्वर जहां आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

जीवन से प्रेरणा ले बनाएं भाईचारा